Reg:-Govt.of india

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com शनिवार 14 दिसम्बर 2024






# ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में 'अभिव्यक्ति 2024' का हुआ आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन

## योग, कराटे, वॉलीबॉल, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, ट्रैक और फील्ड इवेंट्स हुए आयोजित

### अपने लक्ष्यों की ओर निरंतर प्रयासरत रहें विद्यार्थी : गुरदीप कौर









**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के प्रांगण में शनिवार को 'अभिव्यक्ति 2024' नाम से वार्षिक कार्यक्रम (खेलकूद प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने विद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मकता, खेल कौशल, और वर्ष-भर की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का अनूठा मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जेएसपी के प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह और जिंदल लेडीज क्लब की प्रेसिडेंट गुरदीप कौर उपस्थित थीं। वहीं जेएसपी के आईटी हेड अखिलेश चौबे और सिक्योरिटी हेड डीपी साहू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। वहीं विद्यार्थियों ने अतिथियों का स्वागत गीत जोरदार स्वागत किया। वहीं मार्च पास्ट के दौरान एनसीसी कैडेट्स के साथ चारों सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासित और संगठित तरीके से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने 'अभिव्यक्ति 2024' के आयोजन के उद्देश्य विद्यार्थियों की वर्ष भर की



उपलब्धियों की प्रशंसा की। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी कार्यक्रम का आकर्षण रहा। इसमें विज्ञान (जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान), गणित (गणित खेल और ज्ञान का संगम), सामाजिक विज्ञान (इतिहास से भविष्य तक की यात्रा) अंग्रेजी (सेवन स्टेजेज ऑफ़ लाइफ-शेक्सपियर), हिंदी (व्याकरण वाटिका), संस्कृत (प्राचीन भाषा/आधुनिक सोच) और आर्ट एंड क्राफ्ट (कला उत्सव) जैसे विषयों के मॉडल और प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों के नवाचार और गहन समझ की प्रशंसा की। इस आयोजन ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहयोग और विश्वास को मजबूत किया। विद्यार्थियों के ज्ञान कौशल, विषयों में गहन समझ, नवाचार और सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों ने हर प्रकार से संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम अपनी भव्यता और सफल आयोजन के लिए लंबे समय तक याद किया जाएगा। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू आज भी इस क्षेत्र के विद्यालयों में सर्वोपरि है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, योग और कराटे के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के लिए वॉलीबॉल और खो-खो जैसे टीम इवेंट्स के साथ-साथ दौड़, लंबी कूद, और गोला फेंक जैसे ट्रैक और फील्ड इवेंट्स का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि गुरदीप कौर ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। साथ ही विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की ओर निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएसपी प्रबंधन, विद्यालय प्रबंधन, उप प्राचार्य, उप प्राचार्या सहित समस्त विद्यालय परिवार के साथ साथ विद्यार्थी प्रतिनिधि परिषद के समस्त सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# कोलयरी सिरका में नए हांलपैक पहुंचे. उत्पादन को मिलेगा बल. होगी सुविधा



**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस. कुमार**

सिरका। सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका में कोयला खनन ढुलाई के लिए नए विमल कंपनी के दो होलपैक टेलर में लदाकर पहुंची है। बताया जाता है कि परियोजना सिरका में कोयला खनन कार्य में लगे कई ऐसे हांलपैक डंपर है. जो सर्वे ऑफ हो चुके हैं. जिसे प्रबंधन बनाकर काम चल रहा है. बीते अप्रैल माह समय में इससे दुर्घटनाएं भी हुई थी. इसे देखते हुए स्थानीय सिरका प्रबंधन ने वरीय प्रबंधन से कोयला ढुलाई के लिए नए हांलपैक मशीनों की मांग की थी. इससे खदान सिरका के भीतर से कोयला बाहर निकालने में सुविधा व बल मिल पाएगा. अभी भी कोलयरी सिरका में ऐसे कई एलएनटी, हांलपैक व भारी मशीन है. जो सर्वे आंफ है।

---

# सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में खूब दौड़ रहे हैं हाईवा, वाहन के पीछे नंबर नहीं है दिखता

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस.कुमार**



सिरका। सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में कोयले का उठाव लोकल सेल के माध्यम से जोर-शोर से चल रहा है. वहीं कोलयरी क्षेत्र जाने के लिए मुख्य सड़कों से कोयला को लेकर आवागमन करने वाले हाईवा डंपरो के पीछे नंबर ढूंढने से भी दिखाई नहीं पड़ेगा. प्रतिदिन सैकड़ो हाईवा ट्रक सड़क से गुजर रहे हैं. यदि किसी प्रकार की जरूरत पड़ जाए. तो डंपर तो आगे गंतव्य के लिए निकल जाएगा. लेकिन लोगों को वाहन के पीछे नंबर तक दिखाई नहीं देगा. वही सूत्र भी बताते हैं कि रात के अंधेरे में कोयला का खेल क्षेत्र में जारी है. जगह-जगह पर कोयला टपाने की व्यवस्था कर उड़न खटोले की भांति डंपर उड़ जा रहे हैं. जिसकी जांच और देखना जरूरी है।

# सोसाइटी फॉर ब्राईट फ्यूचर व सद्भावना मंच ने जेएम कॉलेज में जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**समाचार संध्या**



भुरकुंडा (रामगढ़)। सोसाइटी फॉर ब्राईट फ्यूचर और सद्भावना मंच रिवर साईड भुरकुंडा के तत्वावधान में शनिवार को जेएम कालेज भुरकुंडा में जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य गिरिधर पाठक ने जट्टू राय, अर्जुन राम, शिव शंकर मिश्रा, कपिल देव सिंह, चिंतामणि, गणेश प्रसाद, बाबूलाल नायक, राजेंद्र राय, रिकी कुमार राम, अनीता देवी, राहुल कुमार, सीता देवी, रवि शंकर ठाकुर, बबलू कुमार महतो आदि के बीच कंबल का वितरण कर किया। मौके पर प्राचार्य गिरिधर पाठक, प्रो. मनोज कुमार सिंह, प्रो. समां बेगम, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. शिव शुकर सिंह, डॉ. लीला सिंह, डॉ. शीला सिंह आदि मौजूद थें।

# फील्ड हॉस्टल में कर्मचारियों के लिए रूम्स, एक कैंटीन और एक कॉमन हॉल की है व्यवस्था

## पीवीयूएनएल टाउनशिप में नये फील्ड हॉस्टल का हुआ उद्घाटन





**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। पीवीयूएनएल टाउनशिप में शनिवार को नये फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह और स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बताया गया कि फील्ड हॉस्टल में कर्मचारियों के लिए रूम्स, एक कैंटीन और एक कॉमन हॉल शामिल है। यह सुविधा कंपनी के कर्मचारियों और अन्य अतिथियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी। कार्यक्रम में जीएम (ओएंडएम) देवदीप बोस, जीएम (मेनटेनेंस) मनीष खेत्रपाल और मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउर रहमान मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने इस नई सुविधा के महत्व को रेखांकित किया और कर्मचारियों की बेहतर सुविधाओं के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्य अतिथि आरके सिंह ने अपने ने कहा कि यह फील्ड हॉस्टल कंपनी के कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक कदम है, जिससे उनके काम-काज और आराम के बीच संतुलन बना रहेगा। एसएमएस की अध्यक्ष रीता सिंह ने कंपनी की प्रगति और कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे और कदम उठाने की उम्मीद जताई।

# लायंस क्लब भुरकुंडा ने मां शीतला देवी मंदिर सयाल मोड़ में भंडारा का किया आयोजन

## फूड फॉर हंगर के तहत 500 लोगों को कराया भोजन, कहा- जारी रहेगा सेवाभाव

### लायंस क्लब के लिए जरूरतमंदों की सेवा सर्वोपरि : रेखा वर्णवाल






**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 500 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आर्शीवाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया की लायंस भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान के कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य है। जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मौके पर उपेंद्र सिन्हा, सीमा सिन्हा एवं किशोर कुशवाहा मौजूद थें।


Dr. Balmiki Mehta (Advocate)
Consultant

INCOME TAX DEPARTMENT

7870469472
8918392600
Email : randhirkushwaha074@gmail.com

**Randhir Singh**
Income Tax Advisor

Note : Income Tax Return, TDS Refund, P.F. Refund, GST Reg. & Filling.

PAN CARD में हर प्रकार का सुधार आसानी से किया जाता है ।

हमारे Tax Expert आपकी मदद करने हेतु तैयार है ।

MAA BHAWANI INTERNET, SIRKA SBI ATM के पिछे, मिल के बगल में

# मुरली ब्रांड के मालिक राजकुमार अग्रवाल का तेल मिल के मशीन की चपेट में आने से हुई मौत

## क्षेत्र में पसरा मातम का माहौल, रविवार को दामोदर नदी तट में होगा अंतिम संस्कार, शोक में डूबा क्षेत्र



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

भुरकुंडा बाजार व्यवसायी सह पटेलनगर मारड़वाड़ी मुहल्ला निवासी मुरली ब्रांड के मालिक 70 वर्षीय राजकुमार अग्रवाल उर्फ राजू अग्रवाल का शनिवार को तेल मिल मशीन के चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुरली ब्रांड के मालिक राजकुमार अग्रवाल भुरकुंडा बाजार स्थित अपने दुकान में तेल निकालने वाले मिल मशीन से तेल निकाल रहे थे। इसी दौरान उनके गर्दन में पहने मफ्लर रोलर मशीन में फंस गया। जिससे उनका दोनो पैर और छाती पूरी तरह मशीन के चपेट में आ गया। दुकान के स्टॉफ नरेश भुंईया के चिल्लाने पर आसपास के दुकानदार घटना स्थल पर पहुंचकर घायल अवस्था में राज कुमार अग्रवाल को बाहर निकला। इसके बाद तत्काल इलाज के उन्हें भुरकुंडा अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद राजकुमार अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया। इधर शव के पटेलनगर उनके आवास पर पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल पसर गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को रिभर-साईड-गिद्दी दामोदर नदी तट पर किया जाएगा। राज कुमार अग्रवाल के आकस्मिक मृत्यु से भुरकुंडा बाजार सहित पटेलनगर पंचायत वासियो में शोक की लहर है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र, दो बेटी, पत्नी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं।

---

# मां शीतला मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत् कथा के चौथे दिन भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## नारायण की लीला अपरम्पार : पंडित राम कुमार पाठक



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को आरती के साथ कथा वाचन की शुरूआत हुई। जिसमें कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक ने श्रद्धालुओं को प्रह्लाद के जन्म, भगवान श्री कृष्ण की जन्म की कथा का सार बताया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति विभोर के साथ कथा का श्रवण किया। तत्पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ चौथे दिन की कथा का समापन किया गया। बताया गया कि प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक आगामी 17 दिसंबर तक श्री भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, राजन नायक सहित दर्जनो श्रद्धालु जुटे हैं।

# दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी में धान अधिप्राप्ति केंद्र का अंचल अधिकारी ने किया उद्घाटन

समाचार संध्या

रिपोर्ट सज्जाद आरिफ

दुलमी। 14 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को एचडीएफसी परिवर्तन कार्यक्रम के तहत ग्रांट थॉर्नटन भारत द्वारा निर्मित दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी के कार्यालय में धान अधिप्राप्ति केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन अंचल अधिकारी किशोर यादव ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश मुखिया रविंद्र कुमार भाकपा नेता चितरंजन महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी ने कहा कि केंद्र का उद्देश्य स्थानीय किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के तहत अपनी उपज बेचने का सीधा और पारदर्शी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है। केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथियों और किसानों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

**उद्घाटन समारोह की मुख्य बातें:**

**1. उद्घाटन और मार्गदर्शन:**

धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन अंचल अधिकारी



श्री किशोरी यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को केंद्र के उद्देश्य और इसके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने किसानों को धान के भंडारण और मील तक पहुंचाने की सुरक्षित और व्यवस्थित प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया। अंचल अधिकारी ने केंद्र की भूमिका को किसान कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया और किसानों से अपील की कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

**2. सरकार द्वारा प्रायोजित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के तहत इस बार किसानों को प्रति किलो 24 रुपये का मूल्य मिलेगा। यह योजना सुनिश्चित करेगी कि किसानों को उनकी मेहनत का सही और समय पर मूल्य मिले। इसके साथ ही, दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी का लक्ष्य इस वर्ष अधिकतम धान अधिप्राप्ति करना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ पहुंचाया जा सके। मौके पर सबीहा नाज़ और सुधीर मंगलेश ने सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में 0दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी की अध्यक्ष सरिता देवी ने सभी अतिथियों और उपस्थित किसानों का स्वागत किया। उन्होंने महिला सदस्यों और किसानों को प्रेरित किया कि वे मिलकर धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करें। सरिता देवी ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के नेतृत्व में ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा।

**कंपनी की सदस्य दयामनी देवी, ललिता देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।**

**5. तकनीकी प्रशिक्षण और जागरूकता:**

इस अवसर पर ग्रांट थॉर्नटन भारत के प्रतिनिधि सोनू कुमार ने उपस्थित किसानों और महिला सदस्यों को धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि:

धान को सही तरीके से कैसे रखा जाए।

अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सरल और प्रभावी कैसे बनाया जाए।

न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत किसानों को मिलने वाले लाभ क्या-क्या हैं।

फसल को खराब होने से बचाने और इसे बाजार तक सही स्थिति में पहुंचाने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

सोनू कुमार ने यह भी बताया कि केंद्र किसानों और महिला समूहों के लिए किस तरह एक आर्थिक विकास का मंच साबित होगा।

धान अधिप्राप्ति केंद्र न केवल किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य दिलाने का प्रयास है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

केंद्र स्थानीय किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ देगा।

पारदर्शी प्रक्रिया से बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी, जिससे किसानों की आय में सुधार होगा।

महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा।

**समारोह का सार:**

यह उद्घाटन समारोह न केवल किसानों के लिए एक उत्सव था, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उत्पादकता का सम्मान भी। कार्यक्रम में सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने केंद्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। सरिता देवी, श्री किशोरी यादव, और अन्य अधिकारियों ने किसानों और महिला सदस्यों को आश्वासन दिया कि यह केंद्र उनकी जरूरतों और समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेगा।

**उपस्थित सदस्यों का जोश:**

कार्यक्रम में महिला किसान उत्पादक कंपनी की सदस्यों सहित क्षेत्र के कई प्रमुख किसान और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया।

यह धान अधिप्राप्ति केंद्र न केवल कृषि क्षेत्र में सुधार करेगा, बल्कि स्थानीय किसानों और महिलाओं को नई संभावनाओं और अवसरों की ओर अग्रसर करेगा।

कमलेश मेहता, दिलीप प्रजापति, रितेश मिश्रा, बिजेन्द्र पासवान, संजय पासवान, शिवकुमार, अमित पाठक सिंह सहित अन्य पत्रकार शामिल हैं।

# किसानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन, कृषि किट देकर किया गया सम्मानित








**समाचार संध्या रिपोर्ट सज्जाद आरिफ**

दुलमी । दुलमी प्रखंड के सिकनी व बोंगासौरी में गत मंगलवार से दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के प्रयास से उद्यान विभाग द्वारा किसानों के बीच चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमे आठ दर्जन से अधिक किसानो के बीच उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा कृषि किट के स्वरुप कुदाल, बैग, नोट पैड सहित कृषि संबंधित सामग्री देकर बेहतर पैदावार को लेकर जानकारी दिया गया। इसके लिए उन्हें खेती के क्षेत्र में आगे लाया जा रहा है। उन्होंने कहा उद्यान विभाग किसान को जैविक खेती, फसल लगाने की विधि, आधुनिक खेती पद्धति, सूक्ष्म सिंचाई, फसल में लगे कीड़ों से छुटकारा सहित कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण डॉ ए के सिंह प्लांड्डू वैज्ञानिक एवम डॉ पी के धाकड़ केवीके वैज्ञानिक द्वारा दिया गया। मौके पर एग्रोटेक प्रोड्यूसर के एसके सिंह, डॉ फिरोज अहमद, अनूप कुमार असफर रज़ा, अभिषेक निश्चल एवम ममता कुमारी सिकनी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर महतो एवं अन्य लाभुक मौजुद थे !यह दिनाक 10 दिसंबर से 14 दिसंबर तक सिकनी एवम बोगासैरी पंचायत भवन मैं प्रशिक्षण दिया गया।